Geography VVI QA Bihar Board

Short type questions(SHAMREZ Classes)

1. संसाधन को परिभाषित कीजिए(2019A,2015A)

मानव के उपयोग में आने वाली सभी वस्तुएं संसाधन है। संसाधन का अर्थ जिम्मरमैन के अनुसार - संसाधन भौतिक एवं जैविक दोनों हो सकता है। भूमि मृदा, जल खनिज जैसे भौतिक संसाधन मानवीय आकांक्षाओं की पूर्ति संसाधन जन जाते हैं। जैविक संसाधन वनस्पति, वन्य-जीव तथा जलीय जीव
जो मानवीय को सुखमय बनाते हैं|

2. जल संसाधन के क्या उपयोग है(2019A,2017A)

जल संसाधन का उपयोग पेयजल, घरेलु, सिंचाई, उघोग, जन स्वास्थ्य, स्वच्छ जल, जलविघुत निर्माण, मत्स्य पालन, जलकृषि, पर्यटक विकास, जल-क्रीड़ा, परमाणु संयत्र, शीतलन, औघोगिक क्षेत्रों में इसका उपयोग होता है।

3.वन्यजीवों के ह्रास के लिए उत्तरदाई चार प्रमुख कारकों का उल्लेख करें(2019A,2014A)

1. मनुष्य ने अपने आवास कृषि के विस्तार तथा उद्योगों की स्थापना के लिए वनों का विनाश किया है। फलस्वरूप नए वन्यजीवों के आश्चर्य स्थल नष्ट हो गए हैं। या विलुप्त होते जा रहे हैं।

2. मनुष्य द्वारा कृषि के वैश्वीकरण का भी वन्यजीवों पर बुरा प्रभाव पड़ा है।

3. कृषि में कीटनाशक रासायनिक दवाओं के छिड़काव से भी वन्यजीवों पर बुरा प्रभाव पड़ता है।4. वन्यजीवों के शिकार के कारण भी बहुत सारे वन्य जीवों का अस्तित्व समाप्त हो गया है या लुप्त होने वाला है।

Geography VVI QA Bihar Board page-2

Short type questions(SHAMREZ Classes)

4.झारखंड के मुख्य लौह अयस्क खनन केंद्रों के नाम लिखिए(2019A)

नोआमुंडी ,गोवा, जामदा, किरीबुरू आदि झारखंड के मुख्य अयस्क खनन केंद्र है।

5. भारतीय कृषि के पांच प्रमुख विशेषता का उल्लेख कीजिए(2019A,2013A)

भारतीय कृषि की पांच प्रमुख विशेषता निम्नलिखित है-

A. भारत में विभिन्न प्रकार की उपजाऊ मिट्टी पाई जाती है जिससे यहां विभिन्न प्रकार की फसलें उगाई जाती है|

B. भारत में वर्ष भर तापमान पर्याप्त रहने के कारण फसलों के लिए लंबा वर्धन काल मिलता है|

C. भारत में कृषि आर्थिक जीवन का प्राण है।लगभग दो तिहाई लोगों की जीविका आधार यही है|

D. कई कृषि जनिया कच्चे माल उद्योगों को कृषि से ही प्राप्त होते हैं| जैसे कपास सूती- वस्त्र उद्योग, गन्ना -चीनी उद्योग ,जूट उद्योग |अन्य कृषि उत्पाद कृषि प्रसंस्करण उद्योग को कच्चा माल देते हैं|

E. कई फसलों में भारत को विश्व में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है| चाय ,गन्ना ,मोटे अनाज एवं कुछ तिलहन के उत्पाद में भारत विश्व में अग्रणी है|

6. प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण क्यों आवश्यक है(2019C,2017C)

Geography VVI QA Bihar Board page-3

Short type questions(SHAMREZ Classes)

सभ्यता एवं संस्कृति के विकास में संसाधन की अहम भूमिका होती है| किंतु संसाधनों का अविवेक पूर्ण या अतिशय उपयोग ;सामाजिक ,आर्थिक ,सांस्कृतिक एवं पर्यावरणीय समस्याओं को जन्म देता है ।इन समस्याओं के समाधान के लिए विभिन्न स्तरों पर संरक्षण की आवश्यकता होती है।

7. कपास के उत्पादन में महाराष्ट्र क्यों प्रसिद्ध है?2019

महाराष्ट्र प्रदेश की मिट्टी काली या टेगुढ मिट्टी है जो कपास के उत्पादन के लिए सर्वोत्तम मानी जाती है ।समुद्री नाम जलवायु, कुहासा रहित दिन, पर्याप्त जल धारण क्षमता, और स्थानीय मांग कपास के उत्पादन को बढ़ावा देती है। यह सारी सुविधाएं महाराष्ट्र में उपलब्ध है ।जिससे यह देश का सबसे बड़ा कपास उत्पादक राज्य बन गया है अतः कपास के उत्पादन में महाराष्ट्र प्रसिद्ध है।

8. पेट्रोलियम का महत्व कोयले से अधिक है क्यों(2019)

कोयले की तुलना में पेट्रोलियम कम प्रदूषण फैलाता है ,अत्यंत ज्वलनशील और अधिक ऊर्जा देने वाला है ;इसमें अवशेष नहीं बचता, जिसके संधारण की जरूरत नहीं होता। चलनत मशीन या परिवहन के लिए अधिक उपयुक्त है ।इसके परिवहन में कम खर्च लगता है इन्हीं सब कारणों से पेट्रोलियम का महत्व कोयले से अधिक है।

9. उद्योगों से प्रदूषण कैसे फैलता है?2019

Geography VVI QA Bihar Board page-4

Short type questions(SHAMREZ Classes)

उद्योग प्रदूषण का प्रमुख कारक है। उद्योग में ऊर्जा संसाधन के प्रयोग से अर्थात चिमनीयों के धुए से वायु प्रदूषण फैलता है। इसमें प्रयुक्त जल तथा उद्योग से निकलने वाले अपशिष्ट जलाशयों में प्रभावित किए जाते हैं, जिससे विभिन्न प्रकार के रसायन जल में गुलकर प्रदूषण करते हैं ।इसमें मृदा प्रदूषण मुक्त भूमि प्रदूषण भी फैलता है।

10. भारत के लिए जलमार्ग का क्या महत्व है(2019A,2014C)

भारत के लिए जलमार्ग का महत्व-

1. यह परिवहन का सबसे सस्ता साधन है

2. मध्यकाल में जल मार्ग परिवहन का प्रमुख साधन था

3. परिवहन सुविधा के लिए नगरों का विकास नदियों के किनारे हुआ

4. जलीय जीवन को भी नदियों में आश्रय प्राप्त होता है

11. सड़क परिवहन के कोई चार गुण बताइए(2018A)

सड़क परिवहन के चार गुण इस प्रकार हैं

A.छोटी दूरियों को सड़क यातायात द्वारा और आसानी से तय किया जा सकता है।

B.सड़क मार्ग द्वारा जल्दी खराब होने वाले सामान को शीघ्रता से दूसरे स्थानों तक पहुंचाया जा सकता है।

Short type questions(SHAMREZ Classes)

C.सड़क मार्ग के द्वारा ही वस्तुओं को निर्माता के द्वार से उपभोक्ता के घर तक पहुंचाया जा सकता है।

D.सड़क मार्ग रेल मार्ग के लिए सहायक मार्ग के रूप में कार्य करता है ।निर्माता के द्वार से निकट के रेलवे स्टेशन तक वस्तुओं को पहुंचाने के लिए संपर्क मार्ग का कार्य करता है।

12. उद्योगों की अवस्थित ई को प्रभावित करने वाले चार भौतिक कारक बताइए(2018C)

उद्योगों की अवस्थिति को प्रभावित करने वाले चार भौतिक कारक निम्नलिखित है निम्नलिखित है-

1. भूमिः यह उद्योगों की अवस्थिति को प्रभावित करने वाला एक प्रमुख भौतिक कारक है। इसके बिना उद्योगों की स्थापना की कल्पना नहीं की जा सकता है।

2. पूंजीः पूंजी भी इतना ही महत्वपूर्ण कारक है। इसके द्वारा ही उत्पाद संभव है जो उद्योग के संचालन का प्रमुख स्रोत है।

3. ऊर्जा: ऊर्जा उद्योग की अवस्थिति मे महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। उद्योग के उत्पादन में शक्ति प्रदान करती है तथा उच्चतम स्तर तक ले जाती है।

4. बाजार: उत्पादन की रीढ़ बाजार है। इसके बिना उत्पाद निरर्थक है उत्पादन का उद्देश्य ही बाजार की आपूर्ति है।

Geography VVI QA Bihar Board

Short type questions(SHAMREZ Classes)

13. वन एवं वन्य जीवो के महत्व को लिखे (2018C)

वन एवं वन्य जीव हमारी जीवन धारा की अमूल्य धरोहर है। यह मानव जीवन के प्रमुख हमसफ़र है तथा पृथ्वी के लिए सुरक्षा कवच है। इनका महत्व निम्नलिखित है-

1.प्राकृतिक संतुलन बनाए रखते हैं।

2. वन एवं वन्य जीवो के अनेक उत्पादन जैसे के अनेक उत्पादन जैसे कीमती लकड़ी या जड़ी बूटियां ,हाथी दांत और चमरा इत्यादि का आर्थिक महत्व अत्याधिक है।

3. वन्य प्राणियों पर किए गए प्रयोगों के जरिए शरीर रचना तथा परिस्थितिकी तथ्यों का अपार ज्ञान प्राप्त होता है।

4. अनादि काल से ही मनुष्य का वन्यजीवों से सांस्कृतिक एवं धार्मिक लगाव रहा है ।पीपल ,बरगद ,तुलसी ,आंवला आदि की मनुष्य पूजा करता है। बाघ ,चूहा , गरूर, बैल आदि देवताओं के वाहन है।

14. लोहा एवं इस्पात उद्योग को बुनियादी उद्योग क्यों कहा जाता है?(2018C)

लोहा इस्पात ऐसी धातु है ऐसी धातु है जिन से निर्मित विभिन्न प्रकार की निर्मित विभिन्न प्रकार की सामग्री के लिए अनेक उद्योग धंधे में प्रयुक्त होती है। इनके द्वारा उत्पादित उपकरन किसी अन्य धातु द्वारा निर्मित होने पर भी

उस प्रकार की उपयोगिता नहीं प्रदान कर सकते हैं। लोहा एवं इस्पात से बनी ट्रैक्टर ,कार ,प्रिंटिंग मशीन इत्यादि अन्य धातु द्वारा नहीं बनाया जा सकता है ।किसी अन्य धातु से बनाए जाने पर वह टिकाऊ नहीं हो सकती है ।क्योंकि लोहा इस्पात की मजबूती एवं शुद्धता उसमें नहीं पाई जाती है ।अतः लोहा इस्पात उद्योग को उसकी मौलिकता तथा उसका कोई विकल्प नहीं होने के कारण बुनियादी उद्योग कहा जाता है।

15. बिहार के नहरों के विकास से संबंधित समस्या को लिखें(2018C)

बिहार में नगरों के विकास विकास से संबंधित समस्याएं निम्नलिखित है निम्नलिखित है

A. बिहार के मध्यवर्ती भागों में भी जमीन लगभग समतल है। जिससे नदी पर बांध बनाकर नहर निकालना बहुत कठिन कार्य है।

B. असुरक्षित ढंग से पशु चारण से नहरों का तटबंधो में कटाव होता है ।और मिट्टी से नहर का पानी अवरुद्ध हो जाता है।

C. नहर विभाग के कर्मचारी लापरवाह होते हैं वे सिंचाई के जल जल के वितरण के समय गायब रहते हैं|

D. बरसात काल में इन नदियों से निकली शहर में पानी की अधिकता इतनी हो जाती है कि विनाशकारी बाढ आ जाती है | बाढ़ के कारण नहरे खंडित हो जाती है।

16. जलोढ़ मृदा के विस्तार वाले राज्यों के नाम बताइए। इस मृदा मृदा में कौन-कौन सी फसलें लगाई जा सकती है?(2018A)

Geography VVI QA Bihar Board page-8

Short type questions(SHAMREZ Classes)

बिहार ,उत्तर प्रदेश ,राजस्थान, गुजरात, तमिलनाडु ,कर्नाटक असम ,बंगाल इत्यादि राज्यों में जलोढ़ में जलोढ़ मिट्टी का विस्तार है।

इस मृदा में गन्ना ,चावल ,गेहूं, मक्का ,दलहन इत्यादि फसलें उगाई जाती है।

17. वन के पर्यावरणीय महत्व का वर्णन कीजिए(2018A,2014C)

वन पर्यावरण की हरियाली एवं स्वच्छता बनाए रखते हैं। वन भौम जल स्तर को सुखाड़ से रोकते हैं। वनों में विभिन्न प्रकार के जीव अपना आवास एवं आश्रय पाते हैं। इससे जीव सुरक्षित एवं संरक्षित रहते हैं।

18. परमाणु शक्ति किन किन खनिजों से प्राप्त होती है(2018A)

इलमेनाइट, बेनेडियम ,एंटी मनी ,ग्रेफाइट, यूरेनियम इत्यादि।

19. स्वामित्व के आधार पर उद्योगों को सोदाहरण सहित वर्गीकरण कीजिए(2018A)

स्वामित्व के आधार पर उद्योगों को निम्नलिखित तीन वर्गों में बांटा जाता है

1. संयुक्त या सहकारी उद्योग सहकारी उद्योग उद्योग:- जब दो या दो से अधिक व्यक्ति अथवा सहकारी समितियों की योगदान के द्वारा उद्योग चलाया जाते हैं ,तो उसे संयुक्त उद्योग कहा जाता है |जैसे ऑयल इंडिया लिमिटेड ,महाराष्ट्र के चीन उद्योग ,अमूल (गुजरात)आदि|

Geography VVI QA Bihar Board page-9

Short type questions(SHAMREZ Classes)

2. सार्वजनिक उद्योग :-सार्वजनिक उद्योगों का संचालन सरकार स्वयं करती है। इसके अंतर्गत भारी और आधारभूत उद्योग शामिल है ।दुर्गापुर ,भिलाई ,राउरकेला के लोहा इस्पात केंद्र सार्वजनिक उद्योग के उदाहरण hain।

3. निजी उद्योग- यदि उद्योग का स्वामित्व किसी एक व्यक्ति का होता है ,तो उसे निजी उद्योग कहते हैं जैसे लघु उद्योग एवं कुटीर उद्योग।

20. सोन नदी घाटी परियोजना से उत्पादित जल विद्युत का वर्णन कीजिए(2018A)

बिहार राज्य विद्युत निगम (BHPC) के द्वारा सोन नदी परियोजना के विस्तार का कार्य किया जा रहा है| डेरी स्थिति रोहतास में पश्चिमी सोन परियोजना और वारुण औरंगाबाद पूर्वी सोन लिंक नहर बनाया गया है ।इसमें क्रमशः 6.60 और 3.30 मेगावाट विद्युत परियोजना भी है।

21. भारत के किन भागों में नदी डेल्टा का विकास हुआ है(2018C)

भारत के पूर्वी तटीय स्थित महानदी गोदाबरी, कृष्णा और कावेरी नदियों द्वारा निर्मित डेल्टा का निर्माण हुआ है यहां की मृदा में पोटाश, फास्फोरस और चुना जैसे तत्वों की प्रधानता है। अधिक उपजाऊ होने के कारण गहन कृषि की जाती है।

22. चिपको आंदोलन का वर्णन करे(2018C,2015C)

उत्तर प्रदेश टेहरी- गढ़वाल पर्वतीय जिले में सुंदरलाल बहुगुणा के नेतृत्व में अनपढ़ जनजातियों द्वारा 1972 में एक आंदोलन शुरू हुआ, जिसे चिपको आंदोलन कहा जाता है।

Geography VVI QA Bihar Board page-10

Short type questions(SHAMREZ Classes)

इस आंदोलन में स्थानीय लोग ठेकेदारों को हरे-भरे पौधे को काटते देख उसे बचाने के लिए अपने आगोश में पौधा को घेर कर उसकी उसकी कर उसकी उसकी कर उसकी पौधा को घेर कर उसकी उसकी कर उसकी उसकी कर उसकी रक्षा करते हैं। इसे कई देशों में स्वीकार किया गया।

23. खनिजों के संरक्षण एवं प्रबंधन से आप क्या समझते हैं(2018C,2015C)

खनिज क्षयशील एवं अनवीकरणीय संसाधन है ।इनकी मात्रा सीमित है । खनिज उद्योगों का आधार है किंतु औद्योगिक विकास के लिए खनिजों का अतिशय दोहन एवं उपयोग उनके अस्तित्व के लिए संकट है ।अतः खनिजों का संरक्षण एवं प्रबंधन आवश्यक है।

24. सौर ऊर्जा का उत्पादन कैसे होता है?(2018C,2015C)

सौर ऊर्जा वह उर्जा है जो सीधे सूर्य से प्राप्त की जाती है। सौर ऊर्जा ही मौसम एवं जलवायु का परिवर्तन करती है। यहीं धरती पर सभी प्रकार के जीवन (पेड़-पौधे और जीव-जन्तु) का सहारा है।

सौर किरणों को फोटो वोलटाइक सेलो में संचित कर इन किरणों को ऊर्जा में परिवर्तित कर सौर ऊर्जा का उत्पादन किया जाता है। जिससे हीटर ,कूलर, पंखे ,लाइट ,टेलीविजन जैसे उपकरण चलाया जा सकते हैं।

25. भारत के सड़कों के प्रादेशिक वितरण का वर्णन प्रस्तुत कीजिए(2018C,2013A)

Geography VVI QA Bihar Board page-11

Short type questions(SHAMREZ Classes)

भारत के महा राष्ट्रीय राज्य मैं सबसे अधिक लंबी पक्की सड़के हैं| यहां 2.70 किलोमीटर लंबी पक्की सड़के है| उत्तर प्रदेश का दूसरा और उड़ीसा का तीसरा स्थान आता है ।यहां इन सड़कों की लंबाई क्रमशः 2.47 लाख और 2.36 लाख किलोमीटर है। पक्की सड़कों की सबसे कम लंबाई लक्ष्यदीप में मात्र 01 किलोमीटर है ।सड़कों के घनत्व की दृष्टि से केरल प्रथम स्थान पर है ।यहां पर प्रति एक सौ सौ एक सौ सौ किलोमीटर क्षेत्र पर 387 किलोमीटर लंबा सड़क है । गोवा और उड़ीसा में क्रमशः258 एवं 152 किलोमीटर लंबी सड़क है।

26. भारत में कितने प्रकार की सड़के है वर्णन करें(2017A)

भारत में निम्नलिखित पांच प्रकार की सड़के हैं

A.राष्ट्रीय राजमार्ग: ये राजमार्ग देश की चौड़ाई एवं लंबाई के अनुसार बिछाये गये हैं। ये राज्यों की राजधानियों, बंदरगाहों, औद्योगिक व खनन क्षेत्रों तथा राष्ट्रीय महत्व के शहरों एवं कस्बों को जोड़ते हैं। वर्तमान में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लम्बाई लगभग 82,621 किलोमीटर है। देश की कुल सड़क लम्बाई में राष्ट्रीय राजमार्ग मात्र 1.7 प्रतिशत में विस्तृत हैं, परंतु इन मागों के द्वारा 40 प्रतिशत सड़क यातायात की सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। इन राजमार्गों की देखभाल केंद्रीय सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा की जाती है।

B.प्रांतीय राजमार्ग: ये एक राज्य के भीतर व्यापारिक एवं सवारी यातायात के मुख्य आधार होते हैं। ये राज्य के प्रत्येक कस्बे को राज्य की राजधानी, सभी जिला मुख्यालयों,

Short type questions(SHAMREZ Classes)

राज्य के महत्वपूर्ण स्थलों तथा राष्ट्रीय राजमार्ग से संलग्न क्षेत्रों के साथ जोड़ते हैं। इन राजमागों का निर्माण व रख-रखाव करना राज्य सरकारों की जिम्मेदारी होती है।

C.जिला सड़कें: ये सड़कें बड़े गांवों एवं कस्बों को एक-दूसरे से तथा जिला मुख्यालय से जोड़ती हैं। ये अधिकांशतया कच्ची होती हैं। इनका निर्माण एवं रख-रखाव जिला परिषदों या सम्बंधित सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा किया जाता है।

D.ग्रामीण सड़कें: ये सड़कें गांवों को जिला सड़कों से जोड़ती हैं। ये सड़कें प्रायः कच्ची, संकरी तथा भारी वाहन यातायात के अनुपयुक्त होती हैं। इनका निर्माण एवं रख-रखाव ग्राम पंचायतों द्वारा किया जाता है।इन चारों के अतिरिक्त, सड़कों के तीन और अन्य प्रकार हैं- सीमा सड़कें, अंतरराष्ट्रीय राजमार्ग और द्रुत राजमार्ग।

E.सीमा सड़कें: 1960 में सीमा सड़क विकास बोर्ड की स्थापना की गयी, जिसका उद्देश्य अल्पविकसित जंगली, पर्वतीय एवं मरुस्थलीय सीमा क्षेत्रों में आर्थिक विकास को गति देना था।

27. खनिजों के आर्थिक महत्व का वर्णन करें(2017A)

खनिजों के आर्थिक महत्व-

A. खनिज व्यवसाय में रोजगार प्राप्त होता है|

Geography VVI QA Bihar Board page-13

Short type questions(SHAMREZ Classes)

B. खनिज व्यवसाई से देश को आई प्राप्त प्राप्त प्राप्त होती हैप्राप्त उत्पाद निर्यात किए जाते हैं|

C. खनिजों से प्राप्त उत्पाद निर्यात किए जाते हैं|

28. पेट्रोलियम से किन वस्तुओं का निर्माण होता है?(2017A)

डीजल, किरासन तेल, स्नेहक,कीटनाशक दवाइयां, पेट्रोल, साबुन ,कृत्रिम रेशा ,प्लास्टिक इत्यादि

29. भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि का क्या महत्व है?(2017A)

भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि का महत्व-

A.इससे उद्योगों को कच्चा माल मिलता है|

B.कृषि उत्पादों का निर्यात करके भारत विदेशी मुद्रा अर्जित करता है|

C.राष्ट्रीय आय में इसका योगदान 29% है|

D.यह हमारी 1027 मिलियन जनसंख्या को भोजन प्रदान करती है|

30. जलोढ़ मृदा से क्या समझते हैं इस मृदा में कौन-कौन सी फसलें उगाई उगाई उगाई जा सकती है?(2017A)

जलोढ़क, अथवा अलूवियम उस मृदा को कहा जाता है, जो बहते हुए जल द्वारा बहाकर लाया तथा कहीं अन्यत्र जमा किया गया हो। यह भुरभुरा अथवा ढीला होता है अर्थात् इसके कण आपस में सख्ती से बंधकर कोई 'ठोस' शैल नहीं बनाते।

Short type questions(SHAMREZ Classes)

बिहार ,उत्तर प्रदेश ,राजस्थान, गुजरात, तमिलनाडु ,कर्नाटक असम ,बंगाल इत्यादि राज्यों में जलोढ़ मिट्टी का विस्तार है।

इस मृदा में गन्ना ,चावल ,गेहूं, मक्का ,दलहन इत्यादि फसलें उगाई जाती है।

31. सार्वजनिक और निजी उद्योगों में अंतर स्पष्ट करें(2016C)

सार्वजनिक उद्योग:- सार्वजनिक उद्योग में भारी तथा आधारभूत उद्योग सम्मिलित है |इनका संचालन सरकार स्वयं करती है |दुर्गापुर ,भिलाई ,राउरकेला के लोहा इस्पात केंद्र सार्वजनिक उद्योग के उदाहरण है|

निजी उद्योग:- निजी उद्योग का संचालन किसी व्यक्ति द्वारा किया जाता है| इस उद्योग के संचालन एवं व्यवस्था की सारी जिम्मेदारियां एक व्यक्ति विशेष पर आधारित रखती |इसके अंतर्गत अधिकांश छोटे-छोटे उद्योग आते हैं|

32. शंक्वाकार पहाड़ी का प्रदर्शन समोच्च रेखाओं द्वारा कीजिए(2016C)

शंक्वाकार पहाड़ी के लिए बनाए जाने वाले समोच्च रेखाओं का मान बाहर से अंदर की ओर बढ़ता हुआ होता है |यानी अधिक ऊंचाई वाली समोच्च रेखा अंदर की ओर होती है।

33. गन्ने की उपज उत्तरी भारत की अपेक्षा दक्षिण भारत में अधिक होने के मुख्य कारण क्या है उल्लेख करे(2016C)

गन्ने की उपज उत्तरी भारत की अपेक्षा दक्षिण भारत में अधिक होती है इसके निम्नलिखित कारण है-

A.गन्ने की खेती के लिए उष्ण तथा उपोष्ण जलवायु आवश्यक है|

B.दक्षिण भारत की जलवायु गन्ने की खेती के लिए अधिक उपयुक्त है|

C.यहां की मिट्टी में गन्ना की खेती के लिए उपयुक्त नवी धारण की क्षमता पर्याप्त मात्रा में निहित है|

C.राज्य सरकार द्वारा क्षेत्र में गन्ना उत्पादन के लिए पर्याप्त सरकारी सहायता उपलब्ध|

D.गन्ने की खेती के लिए सालाना वर्ष 75 सेंटीमीटर से एक 100 सेंटीमीटर आवश्यक इसकी आपूर्ति दक्षिण भारत में समुचित मात्रा में उपलब्ध|

34. बिहार में वन संपदा की वर्तमान स्थिति का वर्णन करें-

बिहार विभाजन के बाद वन विस्तार में बिहार की स्थिति दयनीय हो गई है| क्योंकि वर्तमान बिहार में अधिकतर भूमि कृषि योग्य है |मात्र 676 4.14 हेक्टेयर में वन क्षेत्र बच गया है |या भौगोलिक क्षेत्र का 7.1% है बिहार के 38 जिलों में से 17 जिलों में भी वन क्षेत्र समाप्त हो गया है| पश्चिमी चंपारण, मुंगेर, बांका ,जमुई ,नवादा ,नालंदा, गया ,रोहतास ,कैमूर और औरंगाबाद जिले के वनों की स्थिति कुछ बेहतर है |जिसका कुल क्षेत्रफल 3700 वर्ग किलोमीटर है|

35. पर्वतीय छाया करण विधि का वर्णन करें(2016A)

इस विधि के अंतर्गत भू- आकृतियों पर उत्तर पश्चिम कोने पर ऊपर से प्रकाश पढ़ने की कल्पना की जाती है |इसके कारण अंधेरे में पढ़ने वाले हिस्से को या ढाल को गहरी आभा से भर देते हैं |जबकि प्रकाश वाले हिस्से या कम कम ढाल

Short type questions(SHAMREZ Classes)

को हल्की आभा से भर देते हैं |या खाली भी छोड़ देते हैं इस विधि से पर्वतीय क्षेत्र के उच्चावच को प्रभावशाली ढंग से दिखाना संभव होता है |लेकिन इन मानचित्र से भी ढाल की मात्रा का सही ज्ञान नहीं हो पाता है|

36. बिहार में वन विनाश के दो मुख्य कारकों को लिखे यावन विनाश के दो मुख्य कारकों का उल्लेख करें। अथवा वन-विनाश के लिए उत्तरदायी प्रमुख कारकों की विवेचना कीजिए(2016A)

वनों के विनाश का एक सबसे बड़ा कारण कृषिगत भूमि का फैलाव है। बड़ी विकास योजनाओं, तेजी से खनन कार्य के कारण भी वनों का क्षरण होता रहा है एवं मानवीय हस्तक्षेप, पालतू पशुओं के द्वारा अनियंत्रितcharn एवं रेल-सड़क मार्ग और ईंधन की लकड़ियों, औघोगिक विकास एवं नगरीकरण भी वन विनाश का मुख्य कारण है।

37. तल चिन्ह और स्थानिक ऊंचाई में अंतर स्पष्ट करे(2016A)

तल चिन्ह- सर्वेक्षण के समय पूलों, खंबो ,पत्थरों जैसी स्थाई वस्तु पर समुंद्र तल से मापी गई ऊंचाई प्रदर्शित करने वाले चिन्ह को ताल चीन कहा जाता है |मानचित्र पर ऐसी ऊंचाई को feet तथा मीटर में लिखा जाता है।

स्थानिक ऊंचाई- तल चिन्ह की सहायता से किसी स्थान विशेष की माप की गई ऊंचाई को स्थानिक ऊंचाई कहा जाता है |इस विधि में बिंदुओं के द्वारा मानचित्र में विभिन्न स्थानों की ऊंचाई की संख्या को अंकित कर दिया जाता है।

38. हरित क्रांति से आप क्या समझते हैं(2016A,2011A)

Short type questions(SHAMREZ Classes)

कृषि के क्षेत्र में उन्नत बीज ,उन्नत तकनीक तथा आधुनिक कृषि यंत्र के उपयोग द्वारा कृषि उत्पादन में वृद्धि के प्रयास को हरित क्रांति कहते हैं ।भारत में 1967 ईस्वी में में हरित क्रांति आई ।इसका सबसे अधिक प्रभाव हमारे देश में गेहूं की खेती पर पड़ा। 1970 से 71 में 1960 से 61 की तुलना में गेहूं की उपज लगभग दोगुना हो गई। गेहूं का क्षेत्रफल एवं प्रति हेक्टेयर उपज में भी लगभग 1.5 गुना की वृद्धि हो गई। गेहूं के अलावे मकई की उन्नत बीजों का प्रसार हुआ जिससे मकई की उपज में भी बहुत वृद्धि हुई।

39. समोच्च रेखा से आप क्या समझते है(2015A)

किसी क्षेत्र के मानचित्र पर सामान ऊँचाई वाले बिदुओं को मिलाने वाली रेखाएँ होती है, समोच्च रेखा कहलाती है|

Explanation:

समोच्च रेखा की परिभाषा -

किसी क्षेत्र के मानचित्र पर सामान ऊँचाई वाले बिदुओं को मिलाने वाली रेखाएँ होती हैं, समोच्च रेखा कहलाती है|

समोच्च रेखाएं से आशय है , सम + उच्च रेखाएँ| उस वक्र को कहते हैं जो जिस पर किसी भौतिक राशि (जैसे ऊँचाई, ताप, आदि) का मान समान होता है।

Short type questions(SHAMREZ Classes)

उदाहरण के लिए, किसी क्षेत्र के पर सामान ऊँचाई वाले बिदुओं को मिलाने वाली रेखाएँ समोच्च रेखाएँ कहलाती है|

दूसरे शब्दों में, यदि कोई भौतिक राशि दो चरों का हो तो इस तल में एक वक्र की कल्पना करें जिसके सभी बिन्दुओं पर किसी भौतिक राशि समान हो तो इस वक्र को एक परिरेखा कहेंगे।

40. भारतीय रेल परिवहन की प्रमुख विशेषता का वर्णन करें(2015A)

भारतीय रेल परिवहन की प्रमुख विशेषता निम्नलिखित है-

A.दो बड़े शहरों और महानगरों की बीच तीव्र गति से चलने वाली राजधानी एक्सप्रेस, शताब्दी एक्सप्रेस,गतिमान एक्सप्रेस, भोपाल शताब्दी एक्सप्रेस, ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है।

B.छोटे शहरों को महानगरों एवं बड़े शहरों से जोड़ने के लिए जनशताब्दी एक्सप्रेस गाड़ियां चलाई जा रही है|

C.ट्रेनों की दुर्घटना को रोकने के लिए इंजनों में एसीडी(ACD) की व्यवस्था की गई है|

D.कोलकाता एवं दिल्ली में मेट्रो रेल के तहत भूमिगत रेल सेवा दी जा रही है|

E.विश्व की सबसे अधिक विद्युतीकृत रेलगाड़ी रूस के बाद भारत में चलती है।

41. बिहार की नहरों के विकास से संबंधित समस्याओं को लिखिए-(2014A)

Geography VVI QA Bihar Board page-19

Short type questions(SHAMREZ Classes)

हमारे राज्य बिहार में नहरों द्वारा सिचाई का वितरण असमान है ।यहां सिंचाई के लिए प्रमुख साधन नाहर ही है ।फिर भी बिहार में नहरों का विकास कम हुआ है। 2001 ईस्वी में कुल संचित भूमि का 40.63% भाग नहरो द्वारा सिंचित था। नहर द्वारा सिंचाई में पूंजी अधिक व्यय होती है ।उपजाऊ जमीन की बर्बादी होती है ।एवं जल स्तर नीचे होने से जल का अभाव जैसी समस्याएं उत्पन्न होती है।

42. वायु परिवहन की प्रमुख विशेषता लिखें(2014A)

वायु परिवहन की प्रमुख विशेषता इस प्रकार है

1. यह यातायात का सबसे तीव्र गामी साधन है|
2. यह सबसे महंगा साधन है है साधन है है|
3. यह उच्चावच के प्रभाव से मुक्त है|

43. सोन अथवा कोसी नदी घाटी परियोजना के महत्व पर प्रकाश डालिए(2013A)

बिहार की मुख्य नदी घाटी परियोजना के नाम निम्न है

1. सोन नदी घाटी परियोजना
2. गंडक नदी घाटी परियोजना तथा
3. कोसी नदी घाटी परियोजना

1. सोन नदी घाटी परियोजना-please any explain

Geography VVI QA Bihar Board

Short type questions(SHAMREZ Classes)

44. चावल की फसल के लिए उपयुक्त भौगोलिक दशाओं का उल्लेख करें(2012A)

चावल एक खरीफ फसल है |जिसे उच्च तापमान तथा अधिक नमी की आवश्यकता होती है| इसके लिए पौधे के वर्धन के लिए 250 सेंटीग्रेड तापमान का होना पौधे के बढ़ने में सहायक होता है |इसके अतिरिक्त इसके लिए यह भी एक महत्वपूर्ण तथ्य है कि इसके पौधे को उगाने के समय तथा काटने के समय कुछ विभिन्नताऊ की आवश्यकता होती है-

1. वर्षा
2. तापमान
3. मृदा
4. उत्पादन के क्षेत्र

45. उद्योगों के स्थानीयकरण तीन मुख्य कारकों को लिखे(2012A)

उद्योगों के स्थानीयकरण के तीन प्रमुख कारण इस इस इस प्रकार है-

A. कच्चा मालB. पूंजी की व्यवस्थाC. वृहद बाजार की उपलब्धता

46. खादर और बांगर मिट्टी में अंतर स्पष्ट करें(2012A)

नदियों के बाढ़ के मैदान की नवीन बारीक़ कणों वाली काँप मिटटी को खादर एवं नदियों द्वारा जमा की गई पुरातन काँप मिटटी को बांगर मिटटी कहते है।

47. मैंगनीज के उपयोग पर उपयोग पर प्रकाश डालें(2012A)

Short type questions(SHAMREZ Classes)

मैंगनीज का उपयोग लोहा इस्पात संयंत्र में होता है| मिश्र धातु निर्माण में मैग्नीज उपयोगी है| ब्लीचिंग पाउडर , paint बैटरी एवं दवा में इसका उपयोग किया जाता है|

48. बिहार की जनसंख्या सभी जगह एक समान नहीं है स्पष्ट करें2012A)

बिहार की जनसंख्या असमानता के तीन कारण है । आर्थिक, सामाजिक परिवेश और भौतिक विविधता। जहां धरातल स्तर मिट्टी उपजाऊ एवं सिंचाई की सुविधा उपलब्ध है वहां जनसंख्या अधिक है ।पहाड़ी, बाढ़ वाले स्थान एवं पथरीले प्रदेश में जनसंख्या कम है ।इन्हीं आधार पर हम कर सकते हैं कि बिहार की जनसंख्या सभी जगह एक समान नहीं है।

49. मुंबई हाई तेल उत्पादक क्षेत्र का परिचय दें(2012A)

यह मुंबई तट से 176 किलोमीटर दूर उत्तर पश्चिम दिशा में अरब सागर में है ।यहां 1975 से तेल खोजने का कार्य शुरू हुआ।

50. नई औद्योगिक नीति के मुख्य बिंदुओं का वर्णन करें(2011A)

नई औद्योगिक नीति के मुख्य बिंदु निम्न है-

1 बिहार राज्य के पुराने उद्योगों को पुन संचालित करना

2.सरकार के द्वारा नए उद्योग की स्थापना की स्थापना करना

3.कर मुक्त निवेश के लिए छूट प्रदान करना

4. कृषि आधारित उद्योग को लगाने पर बल देना

☞ सभी विषयों के महत्वपूर्ण प्रश्न का PDF के लिए Whatsapp No-7033323352 पे Chapter का नाम लिखकर भेजें।

☞ विस्तार पूर्वक समझने के लिए Shamrez Classes YOUTUBE channel पर वीडियो मिल जाएगा।

☞ या आप मुझे Facebook पेज Shamrez Classes मे Follows कर सकते हैं।

☞ और इस PDF को अपने दोस्तों में शेयर जरूर करें